प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः 37 / **2026** (अपील सूचना का अधिकार)

Sandeep Arora Add: 132, Mahaveer Colony, Bedla road, Badgoan, Udaipur

..............**अपीलार्थी**

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार वल्लभनगर, उदयपुर

...................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 18/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील ऑनलाईन क्रमांक 329075738109102 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र दिनांक 08.12.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर 7 बिन्दुओं के संबंध में सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से क्षुब्ध होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु ऑनलाईन पत्र क्रमांक 3908970610 दिनांक 22.01.2026 एवं कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/37/26/135–36 दिनांक 22.01.2026 से लिखा गया। परन्तु प्रत्यर्थी द्वारा कोई प्रत्युत्तर अथवा सूचना आदिनांक तक इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की गई हैं।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा तहसील कार्यालय वल्लभनगर से राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90ए/91 के तहत प्रकरण संख्या 773/2019 से 778/2019 तक तथा 899/2019 से 999/2019 तक के प्रकरणों की अंतिम टिप्पणी एवं निर्णय/आदेश की प्रति, फर्द अहकाम, जिला कलक्टर उदयपुर द्वारा प्रकरण संख्या 48/19 से 52/19 में पारित आदेश की प्रति, जिला कलक्टर उदयपुर के पत्रांक 273 दिनांक 01.04.2021 की प्रति, जिला कलक्टर उदयपुर के प्र.स. 24/2019 में पारित आदेश दिनांक 13.12.2021 के पालना मे तहसीलदार वल्लभनगर द्वारा रूण्डेडा गावं में धारा 183(b) में अनुसूचित जनजाति की भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में की गई कार्यवाही तथा अंतिम लैंड रिकॉर्ड मिटिंग की प्रोसिडिंग के संबंध में सूचना चाही गई है।

स्पष्ट है कि अपीलार्थी उक्त राजस्व प्रकरणों का पक्षकार नहीं है तथा चाही गई सूचनाएं न्यायिक/अर्ध–न्यायिक कार्यवाहियों एवं संबंधित प्रकरण अभिलेखों से संबंधित हैं। ऐसे अभिलेखों की प्रतिलिपियां प्राप्त करने हेतु संबंधित न्यायालय/राजस्व न्यायालय द्वारा निर्धारित प्रक्रिया उपलब्ध है। सूचना का अधिकार अधिनियम का उद्देश्य वैकल्पिक न्यायिक प्रक्रिया उपलब्ध कराना नहीं है। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना तृतीय पक्ष से संबंधित न्यायिक अभिलेखों एवं कार्यवाहियों से संबंधित है, जिनका प्रकटीकरण संबंधित पक्षकारों के हितों को प्रभावित कर सकता है।

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, उदयपुर

RajKaj Ref No.:
22292083

M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.18 18:54:14 IST
Reason: Approved

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। साथ ही प्रत्यर्थी को हिदायत दी जाती है कि भविष्य में नियत समयावधि में अपील में प्रत्युत्तर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। निर्णय की प्रति सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार वल्लभनगर एवं अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित की जावें।

प्रकरण फैसल शुमार हो। बाद कार्यवाही दफ्तर दाखिल हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.18 18:54:14 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
22292083
M e-Sign